CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# विषयानुक्रमणिका

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| **गद्य विभाग** | |
| १ सरस्वती वंदना | ५ |
| २ मम शाला | ७ |
| ३ मम परिचयः | ८ |
| ४ महात्मा गांधी | ९ |
| ५ आम्रफलम् | १० |
| ६ विवेकानन्दः | १२ |
| ७ हिमालयः | १३ |
| ८ अस्माकं देशः | १६ |
| ९ वेदमहर्षिः पण्डितसातवलेकरः | १७ |
| १० संस्कृत-भाषा | १८ |
| **पद्य विभाग** | |
| ११ सुभाषित | २० |
| **व्याकरण विभाग** | |
| १२ क्रियापद | २५ |
| १३ कर्ता | २६ |
| १४ वर्तमानकालके प्रत्यय | २६ |
| १५ सर्वनाम | ३१ |
| १६ अभ्यास | ३२ |
| १७ स्वरान्त नाम | ३४ |
| १८ विभक्तियोंका उपयोग | ३५ |
| १९ शब्दकोष | ३८ |
| २० सामान्य ज्ञानम् | ३९ |


×

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# गद्य-विभाग

## १. सरस्वती वंदना

इयं सरस्वती अस्ति ।
इयं विद्यायाः देवी अस्ति ।
अहं विद्यां पठामि ।
वयं अपि पठामः ।
वयं सर्वे छात्राः स्मः ।
छात्राः सरस्वतीं पूजयन्ति ।
सरस्वती अस्माकं देवी ।
पण्डिताः अपि सरस्वतीं पूजयन्ति ।
सरस्वती हस्ते वीणां धारयति ।
अहं सरस्वतीं नमामि ।

---

१ सरस्वती वंदना

यह सरस्वती है ।
यह विद्याकी देवी है ।
मैं विद्या पढता हूँ ।
हम भी पढते है ।
हम सब विद्यार्थी हैं ।
विद्यार्थी सरस्वतीकी पूजा करते हैं ।
सरस्वती हमारी देवी है ।
पण्डित भी सरस्वतीकी पूजा करते हैं ।
सरस्वती हाथमें वीणा धारण करती है ।
मैं सरस्वतीको नमस्कार करता हूँ । ×××

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri



Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri



# २. मम शाला

एषा मम शाला अस्ति ।
अहं अत्र पठामि ।
अहं अत्र पुस्तकं पठामि ।
अत्र मम गुरुः अस्ति ।
अत्र छात्राः पठन्ति ।
अत्र एकं उद्यानं अस्ति ।
तत्र अहं खेलामि ।
छात्राः अपि खेलन्ति ।
छात्राः कन्दुकेन खेलन्ति ।
शालायै नमः ।

---

## २ मेरी पाठशाला

यह मेरी शाला है ।
मैं यहां पढता हूँ ।
मैं यहां पुस्तक पढता हूँ ।
यहां मेरा गुरु है ।
यहां विद्यार्थी पढते हैं ।
यहां एक बाग है ।
वहां मैं खेलता हूँ ।
विद्यार्थी भी खेलते हैं ।
विद्यार्थी गेंदसे खेलते हैं ।
शालाको नमस्कार ।

×××

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

## ३. मम परिचयः

अहं गोविन्दः अस्मि।

अहं राजनगरे
निवसामि।
तत्र मम पिता अस्ति।
अहं पाठशालां
गच्छामि।
तत्र पठामि खेलामि च।
अहं तत्र संस्कृतं
पठामि।
अहं कन्दुकेन खेलामि।
नारायणः मम मित्रं
अस्ति।
आवां तत्र पुस्तकं
पठावः।
गुरुभ्यः नमः।

---

३ मेरा परिचय

मैं गोविन्द हूँ।
मैं राजनगरमें रहता हूँ।
वहां मेरे पिता हैं।
मैं पाठशाला जाता हूँ।
वहां (मैं) पढता हूँ और खेलता हूँ।
मैं वहां संस्कृत पढता हूँ।
मैं गेंदसे खेलता हूँ।
नारायण मेरा मित्र है।
हम दोनों वहां पुस्तक पढते हैं।
गुरुओंको नमस्कार।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

× × ×

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri



# ४. महात्मा गांधी



इदं चित्रं अस्ति ।
अयं महात्मा गांधी
अस्ति ।
अयं अस्माकं
राष्ट्रपिता अस्ति ।
'मोहनदास' इति
अस्य नाम ।
अयं एकः महान्
नेता अस्ति ।
अयं बालकानां
'बापू' ।
सर्वे तं पूजयन्ति ।

---

## ४ महात्मा गांधी

यह चित्र है ।
ये महात्मा गांधी हैं ।
ये हमारे राष्ट्रपिता हैं ।
'मोहनदास' यह इनका नाम है ।
ये एक बडे नेता हैं ।
ये बालकोंके 'बापू' हैं ।
सब उनकी पूजा करते हैं ।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri



अहं अपि तं पूजयामि।
नमामि तम्।
नमामि राष्ट्रपितरम्।

मैं भी उनकी पूजा करता हूँ।
उन्हें नमस्कार करता हूँ।
राष्ट्रपिताको नमस्कार करता हूँ।

× × ×

## ५. आम्रफलम्



इदं फलं अस्ति।

५ आमफल
यह फल है।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri



इदं मधुरं फलं अस्ति ।
इदं आम्रफलं अस्ति ।
आम्रफलं मधुरं अस्ति ।
सर्वे आम्रफलं खादन्ति ।
इदं ग्रीष्मकाले फलति ।
पक्वं आम्रफलं पीतं अस्ति ।
पक्वं आम्रफलं मधुरं अस्ति ।
अहं अपि खादामि ।
इदं फलं 'रसराजः' अस्ति ।

---

यह मीठा फल है ।
यह आमका फल है ।
आमका फल मीठा है ।
सब आमफल खाते हैं ।
मैं भी खाता हूँ ।
यह गर्मीमें फलता है ।
पका आमफल पीला होता है ।
पका हुआ आमफल मीठा होता है ।
यह फल 'रसराज' होता है ।

× × ×

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# ६. विवेकानन्दः

इदं कस्य चित्रम् ?
इदं विवेकानन्दस्य चित्रम् ।
अयं अपि एकः महान् पुरुषः अस्ति ।

---

६ विवेकानन्द

यह किसका चित्र है ?
यह विवेकानन्दका चित्र है ।
ये भी एक महापुरुष हैं ।

Sri Vidyatheertha Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri



तस्य नाम ' नरेन्द्रदत्तः ' इति ।
परं सः ' विवेकानन्दः ' इति प्रसिद्धः ।
इदं चित्रं अति सुन्दरं अस्ति ।
अति सुन्दरं अस्य मुखम् ।
परमहंसरामकृष्णः अस्य गुरुः ।
अयं अति विद्वान् ।
जयतु विवेकानन्दः ।

---

उनका नाम ' नरेन्द्रदत्त ' है ।
पर वे ' विवेकानन्द ' प्रसिद्ध हैं ।
यह चित्र बहुत सुन्दर है ।
इनका मुख बहुत सुन्दर है ।
परमहंस रामकृष्ण इनके गुरु (थे) ।
ये बहुत विद्वान् (थे) ।
विवेकानन्दकी जय हो । ×××

## ७. हिमालयः

अयं पर्वतः अस्ति ।
अयं अति उच्चः अस्ति ।
अयं अति शुभ्रः अस्ति ।

---

७ हिमालय

यह पर्वत है ।
वह बहुत ऊंचा है ।
वह बहुत सफेद है ।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri





अस्मिन् सदा हिम एव अस्ति ।
' हिमालय ' इति अस्य नाम ।
अयं पर्वतानां राजा अस्ति ।
अतः ' पर्वतराजः ' इति अपि अस्य नाम ।
अयं भारतस्य रक्षकः ।
अयं पर्वतः उत्तरे अस्ति ।
नमः हिमालयाय ।

---

इसमें हमेशा बर्फ होती है ।
' हिमालय ' इसका नाम है ।
यह पर्वतोंका राजा है ।
इसलिए ' पर्वतराजा ' भी इसका नाम है ।
यह भारतका रक्षक है ।
यह पर्वत उत्तरमें है ।
हिमालयको नमस्कार हो ।

CC-O. Vyasmarathi Book Centre, Sringeri

× × ×

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# भारतवर्ष




Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri


## ८. अस्माकं देशः

अयं अस्माकं देशः ।
अस्माकं देशं ' भारतं ' इति वदन्ति ।
अयं महान् देशः ।
अत्र विविधधर्माणां जातीनां च जनाः वसन्ति ।
ते भ्रातृभावेन वसन्ति ।
अत्र अनेकाः नद्यः पर्वताः च सन्ति ।
उत्तरे हिमालयः अस्ति ।
संसारे अयं उच्चतमः पर्वतः ।
हिमालयात् गंगा-सिन्धु-यमुना इमाः महानद्यः प्रभवन्ति ।
भारतभूमिं नमामि ।

---

८ हमारा देश

यह हमारा देश है ।
हमारे देशको ' भारत ' कहते हैं ।
यह बडा देश है ।
इसमें विविध धर्म और जातिके लोग रहते हैं ।
वे भाइपनसे रहते हैं ।
यहां बहुतसी नादियां और पर्वत हैं ।
उत्तरमें हिमालय है ।
संसारमें यह सबसे ऊंचा पर्वत है ।
हिमालयसे गंगा, सिन्धु, यमुना ये बडी नदियां निकलती हैं ।
भारतभूमिको नमस्कार ।

CC-O. Vasanthakumar Research Book Centre, Sringeri
× × ×

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# ९. वेदमहर्षिः पण्डित सातवलेकरः

इदं चित्रं पण्डितसातवलेकरस्य अस्ति ।
तं 'वेदमहर्षिः' इति अपि कथयन्ति ।
अयं एकः महापुरुषः अस्ति ।
वेदानां अयं प्रचारकः ।
अयं महान् लेखकः ।

---

९ वेदमहर्षि पण्डित सातवलेकर

यह चित्र पण्डित सातवलेकरजीका है।
इन्हें 'वेदमहर्षि' भी कहते हैं।
ये एक महापुरुष हैं।
ये वेदोंके प्रचार करनेवाले हैं।
ये एक महान् लेखक हैं।


Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri



अस्य बहुनि पुस्तकानि सन्ति ।
अस्य सर्वं कार्यं श्रेष्ठं अस्ति ।
अयं वेदानां उद्धारकः ।
वेदाः अस्माकं धर्मग्रन्थाः सन्ति ।
नमः वेदेभ्यः ।
नमः वेदमहर्षये ।

---

इनकी बहुतसी पुस्तकें हैं ।
इनका सभी काम श्रेष्ठ है ।
ये वेदोंका उद्धार करनेवाले हैं । वेद हमारे धर्मग्रंथ हैं ।
वेदोंको प्रणाम ।
' वेदमहर्षि ' को प्रणाम । ×××

## १०. संस्कृत-भाषा

संस्कृतं ऋषीणां भाषा अस्ति ।
संस्कृते एव वेदाः सन्ति ।
वेदाः अस्माकं धर्मग्रन्थाः ।

---

### १०. संस्कृत-भाषा

संस्कृत ऋषियोंकी भाषा है ।
संस्कृतमेंही वेद हैं ।
वेद हमारे धर्मग्रंथ हैं ।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri



संस्कृते विपुलं साहित्यं अस्ति ।
संस्कृतं मधुरं अस्ति ।
पुरा संस्कृतं राष्ट्रभाषा आसीत् ।
संस्कृतभाषा अति सरला अस्ति ।
अहं संस्कृतं पठामि ।
संस्कृतं देवानां भाषा अस्ति ।
देवानां भाषायै नमः ।

---

संस्कृतमें बहुत साहित्य है।
संस्कृत मीठी है।
पहले संस्कृत राष्ट्रभाषा थी।
संस्कृतभाषा बहुत सरल है।
मैं संस्कृत पढता हूँ।
संस्कृत देवोंकी भाषा है।
देवोंकी भाषाको नमस्कार।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# पद्य-विभाग

## सुभाषित

[ सूचना— केवल १ से १० श्लोक कण्ठस्थ करें। ]

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥ १ ॥

गुरु ब्रह्मा हैं, गुरु विष्णु हैं, गुरु महादेव हैं और गुरु साक्षात् परब्रह्म परमात्मा हैं, उस गुरुको वन्दन हो ॥ १ ॥

काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम्।
व्यसनेन च मूर्खाणां निद्रया कलहेन वा ॥ २ ॥

बुद्धिमानोंका समय काव्य और शास्त्रके पढने व पढानेमें कटता है, पर मूर्खोंका समय निद्रामें, व्यसनमें और झगडा करनेमें कटता है ॥ २ ॥

विद्या ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनाद् धर्मं ततः सुखम् ॥३॥

विद्या विनयको देती है विनयसे मनुष्य योग्यताको पाता है, योग्यताके कारण उसे धन मिलता है, धनसे धर्म और धर्मसे सुख प्राप्त करता है ॥ ३ ॥

राजपत्नी गुरोः पत्नी भ्रातृपत्नी तथैव च।
पत्नीमाता स्वमाता च पञ्चैता मातरः स्मृताः ॥४॥

राजरानी, गुरुपत्नी, भाईकी स्त्री, सास और अपनी माता ये पांचों माताके समान हैं ॥ ४ ॥

अलसस्य कुतो विद्या अविद्यस्य कुतो धनम्।
अधनस्य कुतो मित्रं अमित्रस्य कुतः सुखम् ॥ ५ ॥

आलसीको विद्या कहां ? और मूर्खके पास धन कहां ? जिसके पास धन नहीं उसके मित्र भी कहां ? और जिसका कोई मित्र नहीं उसे सुख कहांसे मिलेगा ? ॥ ५ ॥

Sri Vidyabharati Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri


स्वगृहे पूज्यते मूर्खः स्वग्रामे पूज्यते प्रभुः।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते ॥ ६ ॥

मूर्ख अपने घरमें ही पूजा जाता है और स्वामी अपने गांवमें पूजा जाता है, राजा अपने देशमें पूजा जाता है, पर विद्वान् सभी जगह पूजा जाता है ॥ ६ ॥

चन्दनं शीतलं लोके चन्दनादपि चन्द्रमाः।
चन्द्रचन्दनयोर्मध्ये शीतला साधुसंगतिः ॥ ७ ॥

संसारमें चन्दन शीतल है, चन्दनसे भी शीतल चन्द्रमा है। सज्जनोंकी संगति चन्द्र और चन्दनसे भी शीतल है ॥ ७ ॥

उद्यमः साहसं धैर्यं बुद्धिः शक्तिः पराक्रमः।
षडेते यत्र वर्तन्ते तत्र देवः सहायकृत् ॥ ८ ॥

उद्यम, साहस, धैर्य, बुद्धि, शक्ति और पराक्रम ये छे जहां होते हैं, वहां देव भी सहाय करनेवाले होते हैं ॥ ८ ॥

सम्पत्तौ कर्कशं चित्तं खलस्यापदि कोमलम्।
शीतलं कठिनं प्रायस्तप्तं मृदु भवत्ययः ॥ ९ ॥

दुष्टका हृदय सम्पत्तिके प्राप्त होनेपर कठोर और आपत्तिके प्राप्त होनेपर कोमल हो जाता है। जिस प्रकार लोहा ठण्डा होनेपर कठोर तथा गरम होनेपर मुलायम हो जाता है ॥ ९ ॥

पाषाणो भिद्यते टंकैः वज्रं वज्रेण भिद्यते।
सर्पोऽपि भिद्यते मन्त्रैः दुष्टात्मा नैव भिद्यते ॥ १० ॥

पत्थर छेनीसे तोडा जा सकता है, हीरेको हीरेसे काटा जा सकता है, मंत्रोंसे सांपको भी वशमें किया जा सकता है, पर दुष्ट मनुष्य किसी तरह वशमें नहीं किया जा सकता ॥ १० ॥

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

 CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri 

[ सूचना— केवल अर्थज्ञानके लिये ]

अनाहूतः प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेताः नराधमः ॥ १ ॥

जो बिना बुलाये कहीं घुस आता है, और बिना पूछे ही बहुत ज्यादा बोलता है, विश्वासके अयोग्य मनुष्योंपर विश्वास करता है, वह मूर्ख और बहुत नीच मनुष्य होता है ॥ १ ॥

लोभात् क्रोधः प्रभवति लोभात् कामः प्रजायते ।
लोभात् मोहश्च नाशश्च लोभः पापस्य कारणम् ॥ २ ॥

लोभसे क्रोध उत्पन्न होता है, लोभसे काम उत्पन्न होता है, लोभ मोह और नाश होता है। इसलिये लोभ पापका मूल है ॥ २ ॥

जीवन्तोऽपि मृताः पंच व्यासेन परिकीर्तिताः ।
दरिद्रो व्याधितो मूर्खः प्रवासी नित्यसेवकः ॥ ३ ॥

दरिद्र, रोगी, मूर्ख, मुसाफिर, कायमी नौकर इन पांचोंके व्यासमुनिने जीते हुए होनेपर भी मरे हुएके समान गिना है ॥ ३ ॥

अधमाः धनमिच्छन्ति धनमानौ तु मध्यमाः ।
उत्तमाः मानमिच्छन्ति मानो हि महतां धनम् ॥ ४ ॥

अधम मनुष्य धनकी इच्छा करते हैं, मध्यम कोटिके लोग धन और मान दोनोंकी इच्छा करते हैं, जब कि उत्तम पुरुष मानकी ही इच्छा करते हैं, क्योंकि मान ही महापुरुषोंका धन है ॥ ४ ॥

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम् ।
लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति ॥ ५ ॥

जिसके पास स्वयंकी बुद्धि नहीं है, उसका शास्त्र क्या भला कर सकेगा ? जो दोनों आंखोंसे हीन हो, उसका दर्पण क्या काम सिद्ध कर सकता है ? ॥ ५ ॥

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri


हस्तस्य भूषणं दानं सत्यं कण्ठस्य भूषणम्
श्रोत्रस्य भूषणं शास्त्रं भूषणैः किं प्रयोजनम् ॥६॥

हाथका आभूषण दान है, गलेका आभूषण सत्य है, कानका आभूषण शास्त्र है तो फिर दूसरे आभूषणोंकी क्या आवश्यकता है ? ॥ ६ ॥

परोपकारः कर्त्तव्यः प्राणैरपि धनैरपि ।
परोपकारजं पुण्यं न स्यात् क्रतुशतैरपि ॥ ७ ॥

प्राण और धन देकर भी परोपकार करना चाहिए। परोपकारसे जो पुण्य उत्पन्न होता है, वह सैकडों यज्ञोंको करनेसे भी नहीं हो सकता ॥ ७ ॥

आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः ।
परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति ॥ ८ ॥

कौनसा मनुष्य इस संसारमें अपने लिए नहीं जीता । पर जो परोपकारके लिए जीता रहता है, वही वास्तवमें जीता है ॥ ८ ॥

धनमर्जय मानव धनमूलमिदं जगत् ।
अन्तरं नैव पश्यामि निर्धनस्य मृतस्य च ॥ ९ ॥

हे मनुष्य ! धन कमा, क्योंकि सारा संसार धनपर खडा हुआ है । मैं एक निर्धनमें और मरे हुएमें कोई अन्तर नहीं देखता ॥ ९ ॥

इहलोके धनिनां परोऽपि स्वजनायते ।
स्वजनोऽपि दरिद्राणां तत्क्षणात् दुर्जनायते ॥१०॥

इस संसारमें धनियोंके शत्रु भी उनके अपने हो जाते हैं, पर दरिद्रोंके अपने लोग भी उसी क्षण पराये हो जाते हैं ॥ १० ॥

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri


क्षमापरं तपो नास्ति न सन्तोषात् परं सुखम् ।
न च लोभात्परो व्याधिर्न च धर्मो दयापरः ॥११॥

क्षमाके समान दूसरा कोई तप नहीं, संतोषके समान दूसरा सुख नहीं, लोभके समान दूसरी व्याधि नहीं और दयाके समान दूसरा धर्म नहीं है ॥ ११ ॥

धनिकः श्रोत्रियो राजा नदी वैद्यस्तथैव च ।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते मा तत्र दिवसं वस ॥ १२ ॥

धनवान्, विद्वान्, राजा, नदी और वैद्य ये पांच वस्तु जहां न हों, वहां एक दिन भी नहीं रहना चाहिए ॥ १२ ॥

न वित्तं दर्शयेत् प्राज्ञः कस्यचित् स्वल्पमप्यहो ।
मुनेरपि यतस्तस्य दर्शनाच्चलते मनः ॥ १३ ॥

बुद्धिमान् कभी भी अपने धनको थोडासा भी न दिखाये, क्योंकि उसे देखकर मुनिका मन भी विचलित हो जाता है ॥ १३ ॥

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः ।
तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत् ॥१४॥

मरा हुआ धर्म मनुष्यको मार देता है तथा रक्षित धर्म रक्षा करता है । इसलिए धर्मको मारना नहीं चाहिए, जिससे मारा हुआ धर्म हमें न मारे ॥ १४ ॥

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम् ।
वर्जयेत् तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥१५॥

पीछे कार्यको नष्ट करनेवाले तथा सामने प्रिय बोलनेवाले मित्रको उसीप्रकार छोड दो जिसप्रकार केवल ऊपर दूधसे युक्त पर अन्दर हलाहल विषसे भरे हुए घडेको छोड दिया जाता है ॥ १५ ॥

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# व्याकरण-विभाग

प्रत्येक वाक्य रचनाके दो विभाग होते हैं, (१) उद्देश्य (२) विधेय। उद्देश्यको कर्ता भी कह सकते हैं। जैसे— 'मैं पुस्तकको पढता हूँ।' इस वाक्यमें केवल 'मैं' उद्देश्य है शेष सब 'पुस्तकको पढता हूँ,' विधेय है। विधेयमें विशेषकर दो पद प्रधान होते हैं। (१) कर्मपद (२) क्रियापद। इनमेंसे क्रियापद विशेष मुख्यता है क्योंकि क्रियाके न रहनेपर वाक्य पूरा नहीं हो सकता है। जैसे 'मैं घरको' इतना ही वाक्य रखें और 'जाता हूँ' क्रियापद न लगायें तो वाक्य पूरा नहीं हो सकता। अतः क्रियापद वाक्यमें मुख्य है।

## क्रियापद

संस्कृतमें क्रियाओंको धातु कहते हैं। इन धातुओंको दस गणोंमें बांटा गया है। ये धातु दो पदमें विभक्त है– परस्मैपद और आत्मनेपद। यहां हम प्रथमगण, चौथे गण, छठे गण और दशमगणकी धातुओंका परिचय देते है।

## वर्तमानकाल

किसी भी धातुमें गणकी निशानी लगाकर उसके आगे वर्तमानकालके प्रत्यय लगा देनेसे वर्तमानकालके रूप बन जाते हैं।

प्रथम गणकी निशानी अ है, जैसे वद् + अ = वद
चौथे गणकी निशानी य है, जैसे नृत् + य = नृत्य
छठे गणकी निशानी अ है, जैसे लिख् + अ = लिख
दसवें गणकी निशानी अय है, जैसे भक्ष् + अय = भक्षय

इनके आगे वर्तमान कालके प्रत्यय लगा देनेसे धातुका रूप बन जाता है।



Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

 CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri 

## कर्ता

कर्ता कहते हैं करनेवालेको। यह कर्ता तीन पुरुषों और तीन वचनोंमें बांटे गए हैं जैसे—

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | [1]अहं (मैं) | [2]आवां (हम दोनों) | [3]वयं (हम सब) |
| द्वितीय पुरुष | [4]त्वं (तू) | [5]युवाम् (तुम दोनों) | [6]यूयम् (तुम सब) |
| तृतीय पुरुष | [7]सः (वह) | [8]तौ (वे दोनों) | [9]ते (वे सब) |

इन कर्ताओंके अनुसार धातुमें वर्तमानकालके प्रत्यय लगा देनेसे वाक्य बन जाता है।

### वर्तमानकालके प्रत्यय ( परस्मैपद )

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | [1](आ) मि | [2](आ) वः | [3](आ) मः |
| द्वितीय पुरुष | [4]सि | [5]थः | [6]थ |
| तृतीय पुरुष | [7]ति | [8]तः | [9]अन्ति |

जिस नम्बरका कर्ता हो, उसी नम्बरका प्रत्यय धातुमें लगा देनेपर वाक्य बन जाता है। जैसे युवां ( ५ ) कर्ताके आगे वद् धातुमें थः ( ५ ) लगा देनेसे युवां वदथः वाक्य बन जाता है, अर्थ है तुम दोनो बोलते हो। इसी प्रकार अन्य वाक्य भी बनाये जा सकते हैं—

अहं ( १ ) – वद् + आमि ( १ ) = अहं वदामि मैं बोलता हूं

सः ( ७ ) – वद् + ति ( ७ ) = सः वदति वह बोलता है

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri


## प्रथम गणकी परस्मैपदी धातु

वद् = बोलना

वर्तमानकालके रूप

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | वदामि | वदावः | वदामः |
| | (मैं बोलता हूं) | (हम दोनों बोलते हैं) | (हम सब बोलते हैं) |
| द्वितीय पुरुष | वदसि | वदथः | वदथ |
| | (तू बोलता है) | (तुम दोनों बोलते हैं) | (तुम सब बोलते हो) |
| तृतीय पुरुष | वदति | वदतः | वदन्ति |
| | (वह बोलता है) | (वे दोनों बोलते हैं) | (वे सब बोलते हैं) |

इन रूपोंको ऊपर दिए गए कर्त्ताओंके साथ लगानेपर इन प्रकार बनेगा—

| | | |
|---|---|---|
| अहं वदामि, | आवां वदावः | वयं वदामः |
| त्वं वदसि, | युवां वदथः, | यूयं वदथ |
| सः वदति, | तौ वदतः | ते वदन्ति |

इन वद् धातुके रूपोंको याद कीजिए और नीचे दी गई धातुओंके रूप भी वद् की तरह ही बनाइए—

पठ् (पढना), चल् (चलना), धाव् (दौडना), पश्य् (देखना) गच्छ् (जाना)।

## चौथे गणकी परस्मैपदी धातु

(वर्तमानकाल)

इष् = जाना

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | इष्यामि | इष्यावः | इष्यामः |
| | (मैं जाता हूं) | (हम दोनों जाते हैं) | (तुम सब जाते हैं) |
| द्वितीय पुरुष | इष्यसि | इष्यथः | इष्यथ |
| | (तू जाता है) | (तुम दोनों जाते हो) | (तुम सब जाते हो) |

×

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

 CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri 

| | | | |
|---|---|---|---|
| तृतीय पुरुष | इष्यति | इष्यतः | इष्यन्ति |
| | ( वह जाता है ) | ( वे दोनों जाते हैं ) | ( वे सब जाते हैं ) |

इस रूपोंको कण्ठस्थ कीजिये और नीचे लिखी धातुओंके रूप बनाइये—

अस् ( फेंकना ), शुष् ( सूखना ), कुप् ( क्रोध करना ), लुभ् लोभ करना )।

## छठे गणकी परस्मैपदी धातु

वर्तमानकाल

लिख् = लिखना

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | लिखामि | लिखावः | लिखामः |
| | ( मैं लिखता हूं ) | ( हम दोनों लिखते हैं ) | ( हम सब लिखते हैं ) |
| द्वितीय पुरुष | लिखसि | लिखथः | लिखथ |
| | ( तू लिखता है ) | ( तुम दोनों लिखते हो ) | ( तुम सब लिखतेहो ) |
| तृतीय पुरुष | लिखति | लिखतः | लिखन्ति |
| | ( वह लिखता है ) | ( वे दोनों लिखते हैं ) | ( वे सब लिखते हैं ) |

इसीके अनुसार नीचेके भी रूप बनाइए—

क्षिप् ( फेंकना ), स्पृश् ( छूना ), इच्छ् ( इच्छा करना ), विश् ( प्रवेश करना ), पृच्छ् ( पूछना )।

## दसवें गणकी परस्मैपदी धातु

वर्तमानकालके रूप

भक्ष् = खाना

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | भक्षयामि | भक्षयावः | भक्षयामः |
| | ( मैं खाता हूं ) | ( हम दोनों खाते हैं ) | ( हम सब खाते हैं ) |
| द्वितीय पुरुष | भक्षयसि | भक्षयथः | भक्षयथ |
| | ( तू खाता है ) | ( तुम दोनों खाते हो ) | ( तुम सब खाते हो ) |

CC-O. Vasishtha Tripathi Collection. By Siddhanta eGangotri Gyaan

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri


तृतीय पुरुष भक्षयति भक्षयतः भक्षयन्ति
(वह खाता है) (वे दोनों खाते हैं) (वे सब खाते हैं)

नीचेके धातुओंके रूप भी इसी प्रकार चलते हैं—

कथ् (कहना), गण् (गिनना), चिन्त् (विचार करना), पीड् (दुःख देना), रच् (रचना करना), पूज् (पूजा करना), वर्ण् (वर्णन करना), दण्ड् (दण्ड करना)।

## आत्मनेपदीके धातु वर्तमानकालके प्रत्यय

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | ए | आवहे | आमहे |
| द्वितीय पुरुष | से | एथे | ध्वे |
| तृतीय पुरुष | ते | एते | अन्ते |

## आत्मनेपदीके धातु प्रथम गण वर्तमानकालके

यत् = प्रयत्न करना

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | यते | यतावहे | यतामहे |
| | (मैं यत्न करता हूं) | (हम दोनों यत्न करते हैं) | (हम सब यत्न करते हैं) |
| द्वितीय पुरुष | यतसे | यतेथे | यतध्वे |
| | (तू यत्न करता है) | (तुम दोनों यत्न करते हो) | (तुम सब यत्न करते हो) |
| तृतीय पुरुष | यतते | यतेते | यतन्ते |
| | (वह यत्न करता है) | (वे दोनों यत्न करते हैं) | (वे सब यत्न करते हैं) |

इसी प्रकार वन्द् = (वन्दना करना), रम् = (खेलना), सेव् = (सेवा करना), शिक्ष् = (शिक्षा देना), सह् = (सहन करना), आदिके रूप चलेंगे।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

 CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri 

## आत्मनेपदी धातु चतुर्थगण वर्तमानकाल

युध् = युद्ध करना

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | युध्ये | युध्यावहे | युध्यामहे |
| | (मैं युद्ध करता हूं) | (हम दोनों युद्ध करते हैं) | (हम सब युद्ध करते हैं) |
| द्वितीय पुरुष | युध्यसे | युध्येथे | युध्यध्वे |
| | (तू युद्ध करता है) | (तुम दोनों युद्ध करते हो) | (तुम सब युद्ध करते हो) |
| तृतीय पुरुष | युध्येते | युध्येते | युध्यन्ते |
| | (वह युद्ध करता है) | (वे दोनों युद्ध करते हैं) | (वे सब युद्ध करते हैं) |

इसी प्रकार मन् = (मानना), दृ = (दुःखित होना), दि = (नष्ट होना), डी = (आकाशमें उडना) आदिके रूप चलेंगे।

## आत्मनेपदी धातु छठा गण वर्तमानकाल

कृष् = हल चलाना

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | कृषे | कृषावहे | कृषामहे |
| | (मैं हल चलाता हूं) | (हम दोनों हल चलाते हैं) | (हम सब हल चलाते हैं) |
| द्वितीय पुरुष | कृषसे | कृषेथे | कृषध्वे |
| | (तू हल चलाता है) | (तुम दोनों हल चलाते हो) | (तुम सब हल चलाते हो) |
| तृतीय पुरुष | कृषते | कृषेते | कृषन्ते |
| | (वह हल चलाता है) | (वे दोनों हल चलाते हैं) | (वे सब हल चलाते हैं) |

इसी प्रकार तुद् = (दुःख देना), नुद् = (प्रेरणा देना), दिश् = (संकेत करना), क्षिप् = (फेंकना), जुष् = (सेवन करना; खाना) आदिके रूप चलेंगे।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri


## आत्मनेपदी धातु दसवां गण वर्तमानकाल

वर् = पसन्द करना

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | वरये | वरयावहे | वरयामहे |
| | (मैं पसन्द करता हूं) | (हम दोनों पसन्द करते हैं) | (हम सब पसन्द करते हैं) |
| द्वितीय पुरुष | वरयसे | वरयेथे | वरयध्वे |
| | (तू पसन्द करता है) | (तुम दोनों पसन्द करते हो) | (तुम सब पसन्द करते हो) |
| तृतीय पुरुष | वरयते | वरयेते | वरयन्ते |
| | (वह पसन्द करता है) | (वे दोनों पसन्द करते हैं) | (वे सब पसन्द करते हैं) |

इसी प्रकार पूज् = ( पूजना ), अर्थ् = ( मांगना ); मंत्र् = ( सलाह करना ), मृग् = ( खोजना ), गण् = ( गिनना ) आदिके रूप चलेंगे ।

## कर्ता ( सर्वनाम )

संज्ञाके स्थानपर आनेवालेको सर्वनाम कहते हैं, जैसे— वह, तू, मैं आदि । उनका रूप निम्न प्रकार है—

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्र. पुरुष | अहं ( मैं ) | आवां ( हम दोनों ) | वयं ( हम सब ) |
| द्वि. पुरुष | त्वं ( तू ) | युवां ( तुम दोनों ) | यूयं ( तुम सब ) |
| तृ. पुरुष | सः ( वह ) | तौ ( वे दोनों ) | ते ( वे सब ) |

इन सर्वनामोंमें जो सर्वनाम जिस पुरुष तथा जिन वचनका है, उसी पुरुष तथा वचनका प्रत्यय धातुमें लगा देनेसे वाक्य बन जाता है । जैसे— 'युवां' द्वितीय पुरुषका द्विवचन है, अतः धातु ( वद् ) के आगे उसी पुरुष तथा वचनका प्रत्यय ( थः ) लगा देनेसे वाक्य बन जाता है, जैसे— युवां वदथः— तुम दोनों बोलते हो । इसी प्रकार अन्य रूप भी बनते हैं ।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# अभ्यास

१ खाली स्थानोंको भरिये—

| | | | |
|---|---|---|---|
| वदामि | मैं बोलता हूं | पठामि | = ..... |
| नश्यामि | = ..... | क्षिपामि | = ..... |
| कथयामि | = ..... | वदथ | = ..... |
| नमथ | = ..... | अस्यथः | = ..... |
| स्पृशथः | = ..... | गणय | = ..... |
| वदन्ति | = ..... | चलन्ति | = ..... |
| कुप्यन्ति | = ..... | इच्छन्ति | = ..... |
| चिन्तयन्ति | = ..... | त्यजावः | = ..... |
| श्लिष्यतः | = ..... | विशति | = ..... |
| पूजयसि | = ..... | | |

२. कर्ताके अनुसार धातुके रूप बनाकर रिक्त स्थानोंको भरिये—

वयं वदामः

| | | | |
|---|---|---|---|
| यूयं | ..... ( नृत्य् ) | तौ | ..... ( पूज् ) |
| आवां | ..... ( लिख् ) | त्वं | ..... ( अस् ) |
| युवां | ..... ( पठ् ) | | |
| ते | ..... ( गच्छ् ) | | |
| सः | ..... ( कथ् ) | | |

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

 CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri 

३ खाली स्थान भरिये—

| | |
|---|---|
| हम सब बोलते हैं | — वयं वदामः । |
| हम सब रक्षण करते हैं | — ... ... । |
| वे दो पूजा करते हैं | — ... ... । |
| तू गुस्सा करता है | — ... ... । |
| हम दो फेंकते हैं | — ... ... । |
| यह देखता है | — ... ... । |
| तुम सब बोलते हो | — ... ... । |
| हम सब प्रवेश करते हैं | — ... ... । |
| हम सब खेलते हैं | — ... ... । |
| तुम दो गिरते हो | — ... ... । |
| तुम दो लोभ करते हो | — ... ... । |
| तुम दो बताते हो | — ... ... । |
| तू बोलती हो | — ... ... । |
| ये दो पूछते हैं | — ... ... । |

रूपकी पहचान कीजिये—

वदति—मूल धातु वद् = बोलना, पहला गण, परस्मैपद, वर्तमानकाल, तृतीय पुरुष, एकवचन ।

वसति, पृच्छामि, दण्डयथः, गच्छति, पूजयथ, अस्यतः, रचयावः, पतामः, दिशतः, मुंचति, क्षिपसि ।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

# स्वरान्त संज्ञा

यहांतक क्रियापदका विचार करके अब नाम अथवा संज्ञाका विचार करते हैं। जिन नामोंके अन्तमें स्वर ( अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ ) से 'स्वरान्त' कहते हैं। जिस नामके अन्तमें 'अ' हो उसे अकारान्त, 'आ' हो उसे आकारान्त, इ या ई हो उसे इकारान्त या ईकारान्त इत्यादि कहते हैं। नामके रूप तीन लिंगोंमें चलते हैं, पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग। प्रत्येकमें आठ विभक्तियां होती हैं उन विभक्तियोंके अर्थ भी पृथक्-पृथक् होते हैं—

| | |
|---|---|
| प्रथमा कर्ता– ने | पंचमी अपादान– से |
| द्वितीया कर्म– को | षष्ठी सम्बन्ध– का, के, की |
| तृतीया करण– ने, से, द्वारा | सप्तमी अधिकरण– में, पर |
| चतुर्थी सम्प्रदान– के, लिये | सम्बोधन– हे |

## अकारान्त पुल्लिंग नामके रूप

राम

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | रामः<br>( रामने ) | रामौ<br>( दो रामोंने ) | रामाः<br>( बहुत रामोंने ) |
| द्वितीया | रामम्<br>( रामको ) | रामौ<br>( दो रामोंको ) | रामान्<br>( बहुत रामोंको ) |
| तृतीया | रामेण<br>( रामने, से; द्वारा ) | रामाभ्याम्<br>( दो रामोंके द्वारा ) | रामैः<br>( रामोंके द्वारा ) |
| चतुर्थी | रामाय<br>( रामके लिये ) | रामाभ्याम्<br>( दो रामोंके लिये ) | रामेभ्यः<br>( रामोंके लिये ) |

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

 CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri 

| | | | |
|---|---|---|---|
| पंचमी | रामात्<br>( रामसे ) | रामाभ्याम्<br>( दो रामोंसे ) | रामेभ्यः<br>( रामोंसे ) |
| षष्ठी | रामस्य<br>( रामका ) | रामयोः<br>( दो रामोंका ) | रामानाम्<br>( रामोंका ) |
| सप्तमी | रामे<br>( राम पर ) | रामयोः<br>( दो रामों पर ) | रामेषु<br>( रामोंपर ) |
| संबोधन | हे राम ! | हे रामौ ! | हे रामाः ! |

इसी तरह निम्न शब्दोंके भी रूप चलेंगे—

देह ( शरीर ), बालक, जल, मनुष्य, तनय ( पुत्र ), जनक ( पिता ), भूप ( राजा ), अश्व ( घोडा ), अनल ( अग्नि ), अनिल ( वायु ), हस्त ( हाथ ), ग्रंथ ( पुस्तक )।

## विभक्तियोंका उपयोग

| | |
|---|---|
| प्रथमा विभक्ति रामः पठति। | राम पढता है। |
| द्वितीया विभक्ति रामः ग्रन्थं पठति। | राम ग्रन्थ पढता है। |
| तृतीया विभक्ति रामः हस्तेन लिखति। | राम हाथसे लिखता है। |
| चतुर्थी विभक्ति रामः स्नानाय: गच्छति। | राम स्नानके लिए जाता है। |
| पंचमी विभक्ति रामः अश्वात् पतति। | राम घोडेसे गिरता है। |
| षष्ठी विभक्ति रामस्य अयं ग्रंथः अस्ति। | रामकी यह पुस्तक हैं। |
| सप्तमी विभक्ति रामस्य हस्ते ग्रंथः अस्ति। | रामके हाथमें पुस्तक है। |
| संबोधन विभक्ति हे राम ! अत्र आगच्छ। | हे राम ! यहां आ। |

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri


## इकारान्त पुल्लिंग—हरि

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | हरिः | हरी | हरयः |
| द्वितीया | हरिम् | हरी | हरीन् |
| तृतीया | हरिणा | हरिभ्याम् | हरिभिः |
| चतुर्थी | हरये | हरिभ्याम् | हरिभ्यः |
| पंचमी | हरेः | हरिभ्याम् | हरिभ्यः |
| षष्ठी | हरेः | हर्योः | हरीणाम् |
| सप्तमी | हरौ | हर्योः | हरिषु |
| संबोधन | हे हरे ! | हे हरी ! | हे हरयः ! |

इस प्रकार निम्न शब्दोंके भी रूप चलेंगे।

अग्नि, भूपति, मुनि, ऋषि, कवि, कपि [ बंदर ]

## उकारान्त पुल्लिंग—भानु ( सूर्य )

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | भानुः | भानू | भानवः |
| द्वितीया | भानुम् | भानू | भानून् |
| तृतीया | भानुना | भानुभ्याम् | भानुभिः |
| चतुर्थी | भानवे | भानुभ्याम् | भानुभ्यः |
| पंचमी | भानोः | भानुभ्याम् | भानुभ्यः |
| षष्ठी | भानोः | भान्वोः | भानूनाम् |
| सप्तमी | भानौ | भान्वोः | भानुषु |
| संबोधन | हे भानो ! | हे भानू ! | हे भानवः ! |

## आकारान्त स्त्रीलिंग—माला

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | माला | माले | मालाः |
| द्वितीया | मालाम् | माले | मालाः |
| तृतीया | मालया | मालाभ्यां | मालाभिः |
| चतुर्थी | मालायै | मालाभ्यां | मालाभ्यः |

Sri Vidyabharathi Book Centre, Shingeri

 CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri 

| | | | |
|---|---|---|---|
| पंचमी | मालायाः | मालाभ्यां | मालाभ्यः |
| षष्ठी | मालायाः | मालयोः | मालानाम् |
| सप्तमी | मालायाम् | मालयोः | मालासु |
| संबोधन | हे माले ! | हे माले ! | हे मालाः ! |

इस प्रकार सीता, दया, रमा, विद्या, कृपा, शाला आदिके रूप चलेंगे ।

## ईकारान्त स्त्रीलिंग—नदी

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | नदी | नद्यौ | नद्यः |
| द्वितीया | नदीम् | नद्यौ | नद्यः |
| तृतीया | नद्या | नदीभ्याम् | नदीभिः |
| चतुर्थी | नद्यै | नदीभ्याम् | नदीभ्यः |
| पंचमी | नद्याः | नदीभ्याम् | नदीभ्यः |
| षष्ठी | नद्याः | नद्योः | नदीनाम् |
| सप्तमी | नद्यां | नद्योः | नदीषु |
| संबोधन | हे नदी ! | हे नद्यौ ! | हे नद्यः ! |

इस प्रकार देवी, पत्नी, जननी, सरस्वती आदिके रूप चलेंगे ।

## ऊकारान्त स्त्रीलिंग—वधू ( बहू )

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | वधूः | वध्वौ | वध्वः |
| द्वितीया | वधूम् | वध्वौ | वधूः |
| तृतीया | वध्वा | वधूभ्याम् | वधूभिः |
| चतुर्थी | वध्वै | वधूभ्याम् | वधूभ्यः |
| पंचमी | वध्वाः | वधूभ्याम् | वधूभ्यः |
| षष्ठी | वध्वाः | वध्वोः | वधूनाम् |
| सप्तमी | वध्वाम् | वध्वोः | वधूषु |
| संबोधन | हे वधू ! | हे वध्वौ ! | हे वध्वः ! |

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

 CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri 

## अकारान्त नपुंसकलिंग—जल

| विभक्ति | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | जलम् | जले | जलानि |
| द्वितीया | जलम् | जले | जलानि |
| संबोधन | हे जल ! | हे जले ! | हे जलानि ! |

शेष रामके समान !

× × ×

# शब्द-कोष

## शरीरावयवोंके नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिरः | = ( नपुं. ) सिर | नेत्रम् | = ( नपुं. ) आंख |
| मुखम् | = ( नपुं. ) मुख | कर्णः | = ( पु. ) कान |
| हस्तः | = ( पु. ) हाथ | नासिका | = ( स्त्री. ) नाक |
| अंगुली | = ( स्त्री. ) उंगली | दन्तः | = ( पुं. ) दन्त |
| बाहुः | = ( पु. ) भुजा | जिह्वा | = ( स्त्री. ) जीभ |
| स्कंधः | = ( पुं. ) कंधा | केशः | = ( पुं. ) बाल |
| उदरम् | = ( नपुं. ) पेट | पृष्ठम् | = ( नपुं. ) पीठ |
| उरस् | = ( नपुं. ) छाती | नखः | = ( पुं. ) नाखून |
| जंघा | = ( स्त्री. ) जांघ | त्वचा | = ( स्त्री. ) चमडी |
| पादः | = ( पु. ) पैर | ग्रीवा | = ( स्त्री. ) गर्दन |

## फल

| | | | |
|---|---|---|---|
| फलम् | = ( नपुं. ) फल | बदरिः | = ( पु. ) बेर |
| द्राक्षा | = ( स्त्री. ) अंगूर | दाडिमः | = ( पुं. ) अनार |
| आम्रम् | = ( नपुं. ) आम | कदली | = ( स्त्री. ) केला |
| नारिकेलाः | = ( पुं. ) नारियल | सेवि | = ( नपुं. ) सेब |

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

 CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri 

## लिखने–पढनेका सामान

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुस्तकं | = ( नपुं. ) पुस्तक | कागदं, कर्गजं | = ( नपुं. ) कागज |
| लेखनी | = ( स्त्री. ) कलम | उपचक्षुः | = ( नपुं. ) चश्मा |
| कलमं | = ( नपुं. ) कलम | लेखकः | = ( पु. ) लिखनेवाला |
| मसि | = ( स्त्री. ) स्याही | पाठकः | = ( पु. ) पढनेवाला |
| मसिपात्रं | = ( नपुं. ) दवात | | |

## पशुपक्षीयोंके नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| पशुः | = ( पुं. ) पशु | गौः | = ( स्त्री. ) गाय |
| सिंहः | = ( पुं. ) शेर | मार्जारः | = ( पुं. ) बिल्ला |
| शृगालः | = ( पुं. ) सियार | मार्जारी | = ( स्त्री. ) बिल्ली |
| कुक्करः श्वानः | = ( पुं. ) कुत्ता | वायसः | = ( पुं. ) कौवा |
| | | शुकः | = ( पुं. ) तोता |
| | | मयूरः | = ( पुं. ) मोर |
| गर्दभः | = ( पुं. ) गधा | कोकिलः | = ( स्त्री. ) कोयल |
| हस्ती | = ( पुं. ) हत्ती | कपोतः | = ( पुं. ) कबूतर |
| अश्वः | = ( पुं. ) घोडा | हंसः | = ( पुं. ) हंस |
| वृषभः | = ( पुं. ) बैल | उलूकः | = ( पुं. ) उल्लू |

# सामान्य-ज्ञानम्

संस्कृत-भाषा— संस्कृत भाषा संसारकी अन्य सभी भाषाओंमें श्रेष्ठ गिनी जाती है, क्योंकि यह सबसे प्राचीन और समृद्ध भाषा है।

वेद— वेद चार हैं- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। वेदोंमें भारतीय संस्कृतिका अमर खजाना छिपा हुआ है।

उपनिषद्— मुख्य उपनिषद् १०८ हैं, उनमें भी ग्यारह प्रधान है। उपनिषदोंमें ईश्वर और आत्मा सम्बन्धी तत्त्वज्ञान भरा हुआ है। इनमें प्राचीन ऋषियोंका विशाल ज्ञान है।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri

CC-O. In Public Domain. Digitized by eGangotri

रामायण— संस्कृतसाहित्यका आदिकाव्य है। इसे महाकवि वाल्मीकिने रचा है। इसमें श्री रामचन्द्रजीका जीवनचरित्र है।

महाभारत— इसे श्री वेदव्यासने लिखा है। इसमें कौरवों और पांडवोंका वर्णन है। वेदव्यासजीने महाभारतकी कथाओंद्वारा धर्म और संस्कृतिका सुन्दर चित्र चित्रित किया है। महाभारतको 'पांचवां वेद' कहा गया है। श्रीमद् भगवद्गीता महाभारतका ही एक भाग है। यह श्रीकृष्णने अर्जुनको सुनाई थी।

प्रस्थानत्रयी— उपनिषद्, श्रीमद्भगवद्गीता और वेदव्यासजीके द्वारा लिखे हुए ब्रह्मसूत्र इन तीनोंको प्रस्थानत्रयी कहते हैं। क्योंकि ये तीनों लोगोंको कल्याणमार्गमें चलाते हैं।

दर्शनशास्त्र— न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा और वेदान्त ये दर्शन है।

पञ्चमहाकाव्य— संस्कृत साहित्यमें पञ्चमहाकाव्य प्रसिद्ध हैं। कालिदासके (१) 'रघुवंश और (२) 'कुमारसंभव,' भारविका (३) 'किरातार्जुनीय,' माघका (४) 'शिशुपालवध' और हर्षका (५) 'नैषधीयचरित'।

मुख्य नाटक— कालिदासका 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' भासका 'स्वप्नवासवत्ता,' शूद्रकका 'मृच्छकटिकम्' भवभूतिका 'उत्तररामचरितम्,' विशाखदत्तका 'मुद्राराक्षस' और भट्ट नारायणका 'वेणीसंहार' आदि नाटक संस्कृतमें प्रसिद्ध हैं।

कथा साहित्य— बाणभट्टकी 'कादम्बरी' दण्डी कविका 'दशकुमारचरित्र,' विष्णुशर्माका 'पंचतंत्र' और 'हितोपदेश' आदि कथायें हैं। 'पंचतंत्र' और 'हितोपदेश' में बालकोंको ज्ञानके साथ आनन्द दे, ऐसी वार्ताओंका संग्रह है।

Sri Vidyabharathi Book Centre, Sringeri